समीक्षा

ऊर्जा मंत्री ने विभागीय समीक्षा के दौरान ट्रिपिंग कम करने के दिये निर्देश

मेंटेनेंस और स्मार्ट मीटर लगने के बाद भी ट्रिपिंग क्यों

नवभारत,जबलपुर। मेंटेनेंस और स्मार्ट मीटर लगने के बाद भी ट्रिपिंग क्यों हो रही है। इसकी सभी एमडी समीक्षा कर जरूरी कार्यवाही करें। मेंटेनेंस कार्यों का निरीक्षण चीफ इंजीनियर, अधीक्षण यंत्री सहित अन्य अधिकारी नियमित रूप से करें। निरीक्षण की टीप विद्युत वितरण केन्द्र के रजिस्टर में अंकित करें। मेंटेनेंस के बाद भी ट्रिपिंग होने पर संबंधित इंजीनियर की जिम्मेदारी तय की जाएं। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने यह निर्देश शनिवार को मंत्रालय में विभागीय योजनाओं की समीक्षा के दौरान दिये। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि प्रमुख अभियंता (सीई) और अधीक्षण यंत्री (एसई) अगर कर्तव्यों के

निर्वहन में लापरवाही करेंगे, तो उनके विरुद्ध कार्रवाई के साथ ही उनके जूनियर को उनका प्रभार देने पर विचार किया जायेगा। बेहतर कार्य करने वालों को सम्मानित भी किया जायेगा। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने कहा कि स्टोर में मेंटेनेंस में उपयोग की जाने वाली हर सामग्री पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध रहनी चाहिये। यह सामग्री वितरण केन्द्र स्तर पर भी रखी जाये। अपर मुख्य सचिव ऊर्जा नीरज मण्डलोई ने कहा कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद आने वाले बिल में पुराने बकाया का स्पष्ट उल्लेख होना चाहिये। इस दौरान एमडी पॉवर मेनेजमेंट कम्पनी अविनाश लवानिया एवं अन्य बिजली कम्पनियों के एमडी एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

ट्रांसफार्मर की करायें फेंसिंग

ऊर्जा मंत्री ने कहा कि खुले डिस्ट्रीब्यूशन बॉक्स में ढक्कन लगवायें। फाइबर के ढक्कन लगाने पर विचार करें। ट्रांसफार्मर के चारों ओर फेंसिंग भी करायें, जिससे दुर्घटना की संभावना न रहे। विद्यालय परिसरों से निकल रही बिजली लाइनों का सर्वे कराकर उनकी गार्डिंग करायें। उपभोक्ताओं के हित में चल रही विभागीय योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाये।

10 वितरण केन्द्रों को बनाया जायेगा मॉडल

ऊर्जा मंत्री ने बैठक में तीनों कम्पनियों के सर्वाधिक ट्रिपिंग एवं लाइन लॉस वाले 10 विद्युत वितरण केन्द्रों के जूनियर इंजीनियर एवं असिस्टेंट इंजीनियर से बात की। उन्होंने कहा कि इन केन्द्रों को मॉडल केन्द्र के रूप में विकसित करने के लिये जरूरी संसाधन उपलब्ध कराये जायेंगे। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने कहा कि 3 महीने में वांछित परिणाम प्राप्त होने पर इसका विस्तार किया जायेगा।

मनमाने तरीक़े से बढ़ाई गई फीस

जबलपुर, नवभारत। स्कूलों में मनमानी फीस वसूल किए जाने पर कुछ दिन पहले जरूर प्रशासन की ओर से कार्रवाई की गई थी लेकिन अब ऐसा लगने लगा है कि ये सब मिलीजुली साजिश थी। स्कूल वालों ने कुछ दिन चुप्पी साधी और मनमाने तरीके से फीस बढ़ाकर कमाई शुरू कर दी है। ऐसा ही एक मामला शनिवार को सामने आया है, जहां लिटिल किंगडम स्कूल में पालकों का रोष देखने मिला है। पालकों ने स्कूल प्रबंधन से बातचीत भी की लेकिन कोई हल नहीं निकला है। स्कूल प्रांगण में खड़े पालकों का कहना था कि इस सेशन में साठ प्रतिशत फीस बढ़ा दी गई है। ये तो हमारे बजट से बहुत बाहर हो गई है। इसमें स्कूल प्रबंधन से बातचीत की गई तो वे मामले में कुछ बोलने तैयार नहीं हैं। बस, उनका यही कहना है कि मैनेजमेंट ने जो तय किया है, हम तो वहीं ले रहे है। जानकारों का कहना है कि इस मामले को लेकर जागरूक पालक ने डीईओ घनश्यम सोनी से मुलाकात कर अपनी परेशानी आम की लेकिन इसमें डीईओ ने कोई संतुष्ट जवाब नहीं दिया बल्कि उनका इशारा था कि स्कूलों में बहुत बड़ा गेम चल रहा है।

जमीनी विवाद पर वृद्ध की डंडा से पीटकर हत्या

▸ देवरी खुर्द में वारदात आरोपी गिरफ्तार

जबलपुर नवभारत। कुंडम थाना अंतर्गत देवरी खुर्द में जमीनी विवाद वृद्ध की डंडा से पीट पीटकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने हत्या का प्रकरण दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

कुंडम थाना प्रभारी सतीष कुमार अंधवान ने बताया कि श्रीमती बिसरती बाई 51 वर्ष निवासी ग्राम देवरी खुर्द ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि शुक्रवार को पति पंचम लाल बरकडे घर से दोपहर लगभग 3 बजे ग्राम राजा इमलई के खेत गये थे और रात लगभग 9 बजे घर वापस आये और बताये कि मैं खेत से वापस आ रहा था तो बाजू वाले खेत का राम कुशवाहा राजा इमलई हाई स्कूल के पास रात लगभग 8 बजे मिला था और उसके साथ जमीन की बात पर से मारपीट किया है जिससे बाये हाथ, पसली एवं बाये पैर की पिडरी एवं पूरे शरीर मे दर्द हो रहा है, बताये एवं दर्द के कारण बिना खाना खाये घर की परछी मे सो गये थे। शनिवार सुबह 03 बजे उठकर देखी तो बिस्तर में पति पंचम लाल हिलडुल नहीं रहे थे जिन्हे उठाने की कोशिश की पति का शरीर अकड गया था अपने बडे बेटे सोनू बरकडे को उठायी देखे पति पंचम लाल बरकडे 57 साल की मौत हो गयी है। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपी राम कुशवाहा काछी 47 वर्ष निवासी राजा इमलई कुण्डम कोगिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त डंडा जप्त कर लिया है।

मोहरिया में दो पक्ष भिड़े, चले चाकू, छह घायल

जबलपुर। हनुमानताल थाना अंतर्गत आजाद नगर मोहरिया में दो पक्ष आपस में भिड़ गए। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर चाकू व लाहे के पाइप से हमला कर दिया। हमले में छह लोग घायल हो गए। पुलिस ने रिपोर्ट पर दोनों पक्षों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया हैं। पुलिस ने बताया कि बल्लू हलीम खान 50 वर्ष निवासी आजाद नगर मोहरिया ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि बेटे अरमान ने असाफ के घर में मोबाइल चार्ज में लगाया था जहाँ गिरने से अरमान का

मोबाइल टूट गया था अरमान द्वारा मोबाइल बनवाने कहने की बात पर शनिवार सुबह 8 बजे तीनों भाई असाफ, सोनू एवं मोनू विवाद करने लगे, तीनों ने मारपीट की। असाफ ने चाकू से हमलाकर उसे चोट पहुंचा दी। सोनू ने सिर में लोहे के पाईप से मारकर चोट पहुँचा दी उसका बेटा अरमान बीच बचाव करने लगा तो मोनू ने लोहे के पाईप से हमला कर अरमान के सिर में चोट पहुंचा कर जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये। वहीं मोहम्मद अकबर असांरी 43 वर्ष आजाद नगर मोहरिया राजाबाबा की कुटी हनुमानताल ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि अरमान और बल्लू हलीम खान उसके घर के पास आकर विवाद करने लगे, दोनों चाकू से हम लोगो के ऊपर हमला कर दिये जिससे उसे, जावेद, सोहेल, रूकसाना को चोटें आ गई।

बैंक के लॉकर में जेवर रखने जा रही महिला का आभूषण से भरा बैग चोरी

जबलपुर नवभारत। बैंक के लॉकर में जेवर रखने के लिये आटो में जा रही महिला के बैग में रखे जेवर चोरी हो गए। पीड़िता ने ऑटो में बैठी नकाबपोश महिलाओं पर शक जाहिर कर संजीवनी नगर थाने में मामला दर्ज कराया है।

पुलिस ने बताया कि श्रीमती कल्याणी प्रसाद 70 वर्ष निवासी गंगानगर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि शनिवार को उसे अपनी बेटी नीति व्यास के यहां भोपाल जाना था जिस कारण वह अपने पति के साथ घर में रखी ज्वेलरी को एसबीआई बैंक संजीवनीनगर में लॉकर में जमा करने पैदल चलकर दुर्गा मंदिर फूलसागर आये वहां से पीले रंग के आटो में बैठ गये उसके पति पीताम्बर प्रसाद ड्रायवर के पास व वह पीछे बैठी थी उसके पर्स के अंदर रखे छोटे से पर्स में सोने की 1 जोड़ी झुमकी, 3 अंगूठी, एक अंगूठी में डायमंड लगा था, 1 चैन, 1 लाकेट, मोती का हार जिसमे सोने का लाकेट लगा था, 1 चैन सिंगल लाकेट वाली, 1 टूटी हुई चूड़ी रखी हुयी थी आटो में पहले से तीन महिलायें बैठी थीं जो सफेद रंग का गमछा मुंह में बांधी हुयी थीं तीनों साड़ी पहनी थी, आटो चलने लगा वह गिरने लगी तो दोनों हाथ से आटो के पाईप पकड़ ली आटो वाले ने हमें रायल स्कूल तिराहा पर छोड़ दिया था उसके पति ने आटो वाले को 20 रूपये किराया दिया आटो वाला कुछपुरा ब्रिज तरफ चला गया वह अपने पति के साथ पैदल बैंक जाकर पर्स देखी तो अंदर रखा छोटा पर्स गायब था कोई अज्ञात चोर चोरी कर लिया है।

रज्जाक गैंग का एक और गुर्गा हुआ गिरफ्तार

▸ 25 हजार का था ईनामी, लंबे समय से था फरार

जबलपुर नवभारत। ओमती पुलिस ने शातिर बदमाश अब्दुल रज्जाक गैंग के एक और सदस्य को शाहिद अली उर्फ वालिया को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़ा गया आरोपी लंबे समय से फरार चल रहा था जिसकी गिरफ्तारी पर 25 हजार रूपये का ईनाम घोषित था।

विदित हो कि ओमती और गढ़ा थाने में धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं के तहत दर्ज प्रकरण में आरोपी शाहिद अली उर्फ वालिया पिता अब्दुल मजीद 32 वर्ष निवासी ई डब्ल्यूएस न्यू आनंद नगर , मक्का नगर गली न 2 हनुमानताल फरार था जिनकी गिरफ्तार पर दस दस हजार रूपए का पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय ने घोषित किया था। इसके बाद पुलिस उप महानिरीक्षक

जबलपुर रेंज जबलपुर अतुल सिंह द्वारा 15 हजार रूपये के नगद पुरूस्कार से पुरूस्कृत करने की उद्घोषणा की गयी। उपरोक्त प्रकरणों के फरार आरोपी की सरगर्मी से तलाश की जा रही थी। शनिवार को मुखबिर की सूचना पर में दबिश देते हुये फरार आरोपी शाहिद अली उर्फ वालिया पिता अब्दुल मजीद 32 वर्ष निवासी ई डब्ल्यूएस न्यू आनंद नगर, मक्का नगर गली न 2 हनुमानताल को अभिरक्षा में लेते हुये दोनों प्रकरणों में विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा मे जेल भेज दिया गया।

गैंग पर बड़ा प्रहार, ये जा चुके जेल

पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर रज्जाक गैंग पर बड़ा प्रहार किया है। 10 जुलाई को रज्जाक के बेटे सरफराज, भाई महमूद, भतीजा अजहर, मोह. सज्जाद को गिरफ्तार किया था। गैंग के 50,000 से अधिक के इनामी एवं कई संगीन अपराधों में वांछित बदमाशों को गिरफ्तार करते हुये आरोपियों के पास से बीएमडब्ल्यू कार, मर्सडीज कार ,एक पिस्टल एवं कारतूस जप्त किए गए थे। 25 जुलाई को गैंग के सदस्य दिलीप चौधरी, रविन्द्र पटेल को 31 जुलाई को गिरफ्तार किया था सभी को जेल भेजा जा चुका है।

ट्रक पलटा, चालक-परिचालक फसे, लुट गए सेब

▸ मवेशी को बचाने के चक्कर में हाइवे पर हादसा

जबलपुर । भेड़ाघाट थाना अंतर्गत आमा हिनौतिया के पास नीर गंज के पास हाइवे पर शनिवार शाम एक तेज रफ्तार ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसा उस वक्त हुआ जब ट्रक के सामने एक मवेशी आ गया जिसे बचाने के चक्कर में ट्रक बेकाबू हो गया हाइवे पर पलट गया। जिसके चलते ट्रक में लोड सेब की पेटियां सड़क पर बिखर गई और लोग सेब लूटने लगे ट्रक चालक और परिचालक ट्रक में फंस गए हालांकि गनीमत रही कि उन्हें सूचना पर पहुंची पुलिस ने बाहर निकाल लिया और सेब लूट रहे लोगों को खदेड़ दिया। पुलिस के मुताबिक सागर निवासी अरूण चौरसिया का ट्रक चालक है और से हरियाणा से दस चक्का ट्रक क्रमांक आर जे जीसी 3797 में सेब की पेटियां लोडकर रामपुर जा रहा था। शाम करीब सात बजे ट्रक जैसे ही आमा हिनौतिया के पास हाइवे पर पहुंचा तभी गाय को बचाने के चक्कर में ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया और राहगीर सड़क पर बिखरी सेब की पेटियां लूटकर भाग निकले। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ट्रक को क्रेन के जरिए हाइवे से किनारे किया। हादसे से जाम की स्थिति भी बनी।

खनन क्षेत्रों के लिए तकनीकी मजबूत से बना सिएट रॉकरैड

जबलपुर नवभारत। टायर निर्माता कंपनी सिएट ने अपने नए टायर सिएट रॉकरैड की लॉन्चिंग की घोषणा की। यह कंपनी का पहला रेडियल टायर है जिसे खासतौर पर खनन और दुर्गम इलाकों के लिए तैयार किया गया है। इस रणनीतिक कदम के साथ, सिएट ने ट्रक और बस रेडियल (टीबीआर) सेगमेंट में अपनी तकनीकी मजबूती को और पुख्ता किया है और ऐसे कठिन बाजार में प्रवेश किया है जहां टायर को बेहद कठिन परिस्थितियों में टिकना होता है। रॉकरैड का व्यापक परीक्षण ओडिशा के बारबिल की चुनौतीपूर्ण खदानों से लेकर इंडोनेशिया के दुर्गम इलाकों तक में किया गया।

40 वर्ष की सेवा के उपरांत मुकेश वर्मा हुए सेवानिवृत्त

जबलपुर। पाटन जनपद पंचायत में पदस्थ सहायकयंत्री मुकेश वर्मा 40 वर्षों की सेवा के उपरांत सेवानिवृत हुए, इस अवसर में कार्यालय के वरिष्ठ अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों सहित बड़ी संख्या में पाटन जनपद के नागरिकों ने श्री वर्मा के उदार व्यक्तित्व एवं उनकी किए गए कार्यों का आभार व्यक्त किया।

किसानों को मिली पीएम किसान सम्मान निधि

जबलपुर नवभारत। प्रधानमंत्री द्वारा 2 अगस्त, 2025 को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) की राशि जारी किए जाने के अवसर पर भाकृअनुप-खरपतवार अनुसंधान निदेशालय, जबलपुर द्वारा किसानो के लिए एक कार्यक्रम का आयोजन किया। डॉ. जे.एस. मिश्र, निदेशक ने किसानों का स्वागत किया और पीएम-किसान योजना के उद्देश्यों और लाभों पर प्रकाश डाला। निदेशालय के प्रधान वैज्ञानिक डॉ. पी.के. सिंह ने निदेशालय द्वारा किए गए प्रमुख अनुसंधान और विस्तार गतिविधियों से किसानो को अवगत कराया। कार्यक्रम में किसानों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन का सीधा प्रसारण सुना, जिसमें पीएम किसान सम्मान निधि की 20 वीं किस्त जारी की गई। कार्यक्रम का संचालन निदेशालय की डॉ. योगिता घरडे, वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं नोडल अधिकारी (अनु.जा.उप.यो.) ने किया। इस कार्यक्रम में पाटन क्षेत्र के विभिन्न गाँवों और आसपास के क्षेत्रों के 120 किसानों सहित निदेशालय के कर्मचारियों ने भाग लिया।

जर्जर बिल्डिंग में कभी भी हो सकता है हादसा

▸ न्यायाधीश और वकीलों को सता रहा है हादसे का डर

जबलपुर नवभारत। जबलपुर के पाटन अपर सत्र न्यायालय में न्यायाधीश और वकील खतरे के साए में न्याय दिला रहे हैं, यहां पर बनी बिल्डिंग काफी पुरानी है और वह जर्जर हो चुकी है। इसी जर्जर बिल्डिंग के नीचे लोगों को न्याय दिया जाता है, लेकिन अब वकीलों और यहां पर आने वाले लोगों को भी अपनी जान जोखिम में दिखाई देती है। रघुवीर सिंह ठाकुर अधिवक्ता संघ अध्यक्ष पाटन , एड आर. पी. खंपरिया ने बताया कि जर्जर बिल्डिंग के चलते जगह-जगह पंपलेट चिपकाए गए हैं, जिनमें चेतावनी लिखी गई है कि वहां पर खड़े ना हो नहीं तो कभी भी हादसा हो

सकता है। यही नहीं कोर्ट परिसर के अंदर भी छत टपकती है और वकीलों को अपनी फाइलें बचाने के लिए छाता लगाकर भी रखना पड़ता है। अधिवक्ताओं का कहना है कि ऐसा नहीं कि इस मामले की जानकारी प्रशासन को ना हो लेकिन इसके बाद भी नई बिल्डिंग यहां पर नहीं बनाई जा रही है। अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष का कहना है कि पुरानी तहसील भवन को जिसे शासन ने खतरनाक घोषित कर खाली कर दिया है उसमें भी कोर्ट संचालित की जा रही है। प. आकाश खंपरिया ने बताया की भारी जन हानी भी हो सकतीं हैं। अपर सत्र न्यायालय की बिल्डिंग भी खराब हो चुकी है जो कभी भी गिर सकती है। अधिवक्ताओं ने जल्द से जल्द इस मामले में कार्रवाई की मांग की है।

प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री की जयंती पर दी श्रद्धांजलि

जबलपुर नवभारत। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं अविभाजित मध्यप्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री पंडित रविशंकर शुक्ल की जयंती के उपलक्ष्य में आज शहर कांग्रेस कमेटी, एवं नगर कांग्रेस सेवादल, द्वारा सिविल लाइन चौक स्थित पंडित रवि शंकर शुक्ला की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया गया। इस अवसर पर नगर सेवादल के अध्यक्ष सतीश तिवारी, अरुण पवार (प्रदेश महामंत्री), भगतराम जी (पूर्व पार्षद), उमेश पटेल, राकेश चक्रवर्ती, दसई लाल कुशवाहा , सुनील दुबे, कांग्रेस सेवा दल प्रवक्ता जितेंद्र यादव आदि उपस्थित थे।

चौरसिया समाज का प्रतिभा सम्मान समारोह आज

जबलपुर। चौरसिया समाज के द्वारा प्रतिभा सम्मान समारोह 2025 के शुभ अवसर पर 37 वाँ गरिमामय वर्ष पर समाज के लगभग 650 प्रतिभावान छात्र- छात्राओं को पुरस्कृत, वरिष्ठ जनों का सम्मान तथा विभिन्न क्षेत्रों की विभूतियों का स्वागत, सम्मान आज दोपहर 2 बजे से शाम 7 बजे तक मानस भवन सभागार में आयोजित किया जाएगा। समारोह संयोजक राजेश चौरसिया एवं चौरसिया समाज के अध्यक्ष प्रमोद चौरसिया आदि ने स्वजातीय बंधुओं से उपस्थित होने की अपील की है।

लोगों ने उठाया नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का लाभ

▸ अमखेरा में आयोजित हुआ स्वास्थ्य शिविर

जबलपुर। हम हैं न फाउण्डेशन व जबलपुर बेसिक हेल्थ केयर के द्वारा नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर 2 अगस्त को न्यू नर्मदा नगर अमखेरा में आयोजित किया गया। शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ विकास पटेल के द्वारा पीड़ितों को आवश्यक परामर्श दिया गया और उन्हें बीमारियों से बचने के लिए आवश्यक

उपाय भी बताए गए। इस दौरान बच्चे, बड़े बुजुर्ग, महिलाएं लाभ लेने पहुंचे। जिसमें सामान्य बीमारियों, हार्ट, छाती से संबंधित, थायराईड, बदन दर्द, बुखार आदि के दर्जनों पीड़ितों ने स्वास्थ्य लाभ अर्जित किया। शिविर में पीएफटी, लिपिड प्रोफाईल, एचबीए1सी, थायराईड, आरबीएस, बीपी, शुगर आदि की भी निःशुल्क जांच हुई। शिविर के दौरान डॉ विपिन तिवारी व हम हैं न फाउण्डेशन से अमित सिंह गोलू, गौरव गहरवाल आदि की भूमिका महत्वपूर्ण रही।

विश्वात्मा ब्राह्मण महासंघ द्वारा तुलसी जयंती समारोह आज

जबलपुर। विश्वात्मा ब्राह्मण महासंघ द्वारा आज सुबह 10 बजे से श्री दत्त मंदिर गोलबाजार में तुलसी जयंती समारोह का आयोजन किया गया है। जिसमें एकल एवं सामूहिक मानस गान प्रतियोगिता भी आयोजित होगी । ब्रह्मर्षि महामहोपाध्याय आचार्य डॉ.हरिशंकर दुबे के संरक्षकत्व में आयोजित समारोह में नगर निगम सभाध्यक्ष रिकुंज विज मुख्य अतिथि समाजसेवी डॉ.जितेंद्र जामदार कार्यक्रम अध्यक्ष एमानकुंवर बाई महाविद्यालय की प्राचार्य डॉएस्मृति शुक्ल सारस्वत अतिथि तथा डॉ. उषा दुबेए इंजीएदुर्गेश व्यवहार और महेश मानव विशिष्ट अतिथि के रूप में सहभागिता करेंगे।

घर की सर्चिंग में मिला शराब का जखीरा, एक तस्कर छत की दीवार फांदकर भागा, दूसरा गिरफ्तार

जबलपुर। गोरखपुर पुलिस ने टेण्डर 2 ब्लाक एल 20/10 में दबिश दी और एक घर के दो कमरों की सर्चिंग की तो शराब का जखीरा बरामद हुआ।

कार्रवाई के दौरान एक तस्कर छत की दीवार फांदकर भाग गया जबकि दूसरे को पुलिस ने दबोच लिया। गोरखपुर थाना प्रभारी नितिन कमल ने बताया कि टेण्डर 2 ब्लाक एल 20/10 में अंकित रैकवार एवं मयूर बाल्मीक मिलकर भारी मात्रा में अवैध शराब रखकर बेच रहे थे सूचना पर मुखबिर के बताये स्थान पर दबिश दी गई टेण्डर 2 ब्लाक एल 20/10 में मयूर बाल्मीक 23 वर्ष निवासी रामपुर छापर गोरखपुर मिला। तलाशी लेने पर 2 अलग अलग कमरों 2 बोरियों में कुल 300 पाव देशी शराब कीमती लगभग 25 हजार रूपये की रखी मिली, उक्त शराब के संबंध में पूछताछ करने पर टेंडर 2 निवासी अंकित रैकवार द्वारा शराब मंगवाना बताते हुये अंकित रैकवार से मिलकर टेण्डर 2 ब्लाक एल 20/10 में रखकर बेचना बताया , अंकित रैकवार की तलाश करने पर मौके से छत की दीवार फांदकर भाग गया।आरोपी मयूर बाल्मीक के कब्जे से 300 पाव देशी शराब जप्त कर अंकित रैकवार की तलाश जारी है। मयूर बाल्मीक के विरूद्ध अवैध रूपयों की मांग कर मारपीट, आर्म्स एक्ट, विस्फोटक पदार्थ अधिनियम, आबकारी एक्ट के पूर्व से 14 अपराध दर्ज है।

आठ जुआरी पकड़ाए

जबलपुर। पाटन पुलिस ने रिमझा में सजे जुआ फड़ पर छापा मारकर 8 जुआरियों को गिरफ्तार किया जिनके कब्जे से 18 हजार 300 रूपये जप्त किए गए। थाना प्रभारी पाटन गोपिन्द्र सिंह ने बताया कि ग्राम रिमझा में ताश पत्तों पर रूपयों की हार जीत का दाव लगाकर जुआ खेल रहे हैं घनश्याम सिंह, राघव शर्मा, मनोज बर्मन , रूपेश ठाकुर , रोहित ठाकुर, सतीश सिंह , आशीष गलबले, अनुराग नंदेसरिया को पकड़ा गया। जुआड़ियों के पास तथा फड़ से ताश पत्ते एवं 18 हजार 300 रूपये जप्त करते हुये जुआरियों के खिलाफ 13 जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।

MADHYA PRADESH POWER GENERATING COMPANY LIMITED

Superintending Engineer (P&W), Office of The Chief Engineer (Gen.)
Sanjay Gandhi Thermal Power Station Birsinghpur, Distt. Umaria-484552 (M.P.)
Fax No. : 07655-260226, E-mail ID : sepnw.sgtps@mppgcl.mp.gov.in

No. 511-0100/SGTPS/P&W/E-NIT-16/1929 — Birsinghpur, Dated : 01.08.2025

E- TENDER INVITING NOTICE

M.P. POWER GENERATING CO. LTD. Invites Electronic tenders from Manufacturer/reputed Supplier/Contractor, for the Supply/Works of following items for SGTPS, MPPGCL Birsinghpur.

Sl. No.	MPPGCL Tender-Id	Particulars	Estimate (In Rs.)	Tender Cost (In Rs.)	E.M.D. (In Rs.)	Last Date of Closing of Online Submission	Due Date of E-Tender Opening
1.	2025_MPPGC_438427_1	"Procurement of Hold Backs of various gearbox" installed at 4x210 MW CHP-I & 1x500MW CHP-II, SGTPS, MPPGCL, Birsinghpur.	14,42,747/-	1,000/-	28,900/-	25.08.2025	28.08.2025
2.	2025_MPPGC_438424_1	"Procurement of roller stands for 1400 mm wide conveyor" installed at CHP-I & Wagon Tippler, SGTPS, MPPGCL, Birsinghpur	16,82,948/-	1000/-	33,700/-	25.08.2025	28.08.2025
3.	2025_MPPGC_418465_2	Testing of various numerical and electromagnetic relays installed in unit No. 1 to 4, PH-I & II, at SGTPS, MPPGCL, Birsinghpur.	21,02,583/-	1,000/-	42,100/-	26.08.2025	29.08.2025
4.	2025_MPPGC_428741_1	Refurbishment/reconditioning of tyre and guide wheel of RB-2 installed at 1*500 MW CHP at SGTPS, MPPGCL, Birsinghpur	15,03,000/-	1000/-	30060/-	25.08.2025	29.08.2025
5.	2025_MPPGC_436603_1	Annual work contract for "Assistance in office related work for the S.E. (Civil), E.E. (Civil) Dn.-II and E.E.(Civil) Dn.-III office in PH area", SGTPS, MPPGCL, Birsinghpur.	23,70,683.70	1000/-	47,500/-	25.08.2025	29.08.2025
6.	2025_MPPGC_435152_1	Work contract for "Annual routine maintenance of Turbine house auxiliaries, air compressor room auxiliaries for PH-I" at SGTPS, MPPGCL, Birsinghpur	53,50,297/-	2000/-	1,07,000/-	25.08.2025	28.08.2025
7.	2025_MPPGC_435154_1	Work contract for "annual routine maintenance of turbine auxiliaries of Unit No. 3&4 (PH-II)" at SGTPS, MPPGCL, Birsinghpur	53,50,297/-	2000/-	1,07,000/-	25.08.2025	28.08.2025
8.	2025_MPPGC_398862_2	Work contract for " Round the clock operation/ monitoring and maintenance work of signaling and telecommunication (S&T) system of SECR , SGTPS, siding along operation of 01 No. mechanized non motorized level crossing gate at SGTPS, MPPGCL, Birsinghpur.	44,60,000/-	1000/-	89300/-	26.09.2025	28.09.2025

These tenders are being invited through e-tendering system/For viewing detailed E-NIT, downloading tender documents and participating in Electronic Tender, for any clarifications and/or due date extensions or corrigendum, please visit the website **www.mptenders.gov.in** regularly/ Any clarifications and/or due date extensions or corrigendum shall be issued on the website **www.mptenders.gov.in** only.

M.P. Madhyam/121391/2025 — //SAVE ELECTRICITY-SAVE POWER-SAVE MONEY// — SUPERINTENDING ENGINEER (P&W)